हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(पन्द्रहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 11 अगस्त, 2022/20 श्रावण, 1944 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 27

भवन निर्माण

2229 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिझड़ी के भवन निर्माण का कितना कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; और

(ख) इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है; यदि हां, तो कर्मचारी कब तक नियुक्त कर दिए जाएंगे?

Percolation Well

2230 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धंगोता में पीने के पानी की व्यवस्था हेतु क्या Percolation Well का निर्माण किया गया है; यदि नहीं, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा तथा स्थानीय जनता के लिए पीने के पानी की सप्लाई कब तक आरम्भ कर दी जाएगी?

पानी की समस्या

2231 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पानी की समस्या के दृष्टिगत सरकार गोबिन्द सागर झील से उठाऊ पेयजल योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत माकन खड्ड पर बनी पीने के पानी की स्कीम जो गर्मियों के मौसम में सूख जाती है जिस कारण इससे जुड़ी पंचायतों (धंगोटा, भैल, जनेहण, सठवीं, बल्ह विहाल, बिझड़ी व अन्य पंचायतों) में पीने के पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है, उससे निपटने हेतु विभाग द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है; और

(ग) इसी तरह दियोटसिद्ध क्षेत्र में भी जो स्कीमें गर्मियों में सूख जाती हैं वहां पर भी सरकार व विभाग द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है; पूर्ण ब्यौरा दें?

अध्यापकों का ब्यौरा

2232 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में ऐसी कितनी प्राथमिक पाठशालाएं हैं जिनमें छात्रों की संख्या 10 या 10 से कम है;

(ख) कितनी प्राथमिक पाठशालाएं ऐसी हैं जिनमें अध्यापकों की संख्या स्वीकृत पदों से अधिक है; और

(ग) ऐसे कितने प्राथमिक अध्यापक हैं जिन्हें वेतन किसी और विद्यालय से मिल रहा है व कार्य किसी अन्य विद्यालय में कर रहे हैं; ब्यौरा जिलावार व विद्यालयवार दें?

प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण

2233 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में कितने प्रवासी मजदूरों, फेरी तथा अन्य सामान बेचने वालों ने प्रवेश किया; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें;

(ख) क्या इन प्रवासियों का स्थानीय पुलिस थानों में पंजीकरण करवाना अनिवार्य है; और

(ग) यदि हां, तो गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक कितने प्रवासियों का पंजीकरण हुआ है; यदि नहीं, तो कारण?

डॉक्टरों के रिक्त पद

2234 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न स्तर के कितने सरकारी अस्पताल तथा औषधालय स्थापित हैं; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) इन सभी अस्पतालों में डॉक्टरों के कितने पद कहां-कहां पर रिक्त हैं; जिलावार व अस्पतालवार ब्यौरा दें?

सेब बगीचे हेतु अनुमति

2235 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में सेब के बगीचे खरीदने के लिए किन-किन आई0ए0एस0, आई0पी0एस0 व एच0ए0एस0 अधिकारियों ने अनुमति मांगी है;

(ख) इनमें से किन अधिकारियों ने बगीचे खरीद लिए हैं; और

(ग) सरकार ने इन्हें भू-राजस्व कानून की धारा-118 के प्रावधानों से छूट प्रदान की है; ब्यौरा दें?

Vacancy Position

2236 **Sh. Rakesh Singha (Theog)**:

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of teaching staff are lying vacant in Theog Assembly Constituency in Government Primary, Middle and Senior Secondary Schools; provide comprehensive information in this respect by Name of school, Education Block, teaching post lying vacant, date since vacancy, and number of students in the concerned school;

(b) in how many such schools has the result of 10^{th} and 12^{th} class been less than 25%; does the RTE Act permit to the State Government to run Schools

without teaching staff; and

(c) does the Government propose to fill-up these vacancies and by when; details be given?

NABARD and PMGSY

2237 Sh. Rakesh Singha (Theog):

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many roads are being constructed through NABARD and PMGSY in Theog Assembly Constituency as on today; the cost for the same and since when they are being constructed; for how many PMGSY roads the time for construction is over; name of the contractor for each road be given;

(b) how many roads have been completed but have not been passed for bus service; the reasons for the same be given; have audit paras been made for all such roads; and

(c) does the Government proposes to provide bus service on all such roads; details be given?

Vacant Posts

2238 Sh. Rakesh Singha (Theog):

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts are lying vacant in the Jal Shakti Department under Theog Assembly Constituency, Kasumpti and Matiana Divisions; details be given; and

(b) how many have fallen vacant due to transfer and how many have fallen vacant due to death and retirement; name-wise and date-wise details be given?

पदपूर्ति

2239 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय हैं; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा केन्द्रों के नाम एवं पद सहित दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

अटल आदर्श विद्यालय चौपाल

2240 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अटल आदर्श विद्यालय चौपाल के भवन निर्माण हेतु एफ0सी0ए0 की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें;

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; और

(ग) इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; ब्यौरा दें?

आई0टी0आई0

2241 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकार अपर क्षेत्र रिवालसर में आई0टी0आई0 खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पुलिस चौकी रिवालसर

2242 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा पुलिस चौकी रिवालसर को अपग्रेड करके पुलिस थाने का दर्जा प्रदान करने व नई पुलिस चौकी लेदा स्थापित करने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो इनकी अधिसूचना कब तक जारी कर दी जाएगी?

पदपूर्ति

2243 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बिजली बोर्ड में ड्राइवरों के 50 पदों को भरने हेतु प्रक्रिया कब तक आरम्भ कर दी जाएगी;

(ख) वर्तमान में बिजली बोर्ड में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; विभिन्न श्रेणियों में कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) प्रदेश में बिजली बोर्ड का कुल घाटा कितना है; घाटे का कारणों सहित ब्यौरा दें?

निर्माणाधीन पार्किंग

2244 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि किन्नौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रिकांगपिओ के रामलीला मैदान में निर्माणाधीन पार्किंग हेतु टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग की स्वीकृति ली गई है; यदि नहीं, तो टी0सी0पी0 द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की जा रही है; ब्यौरा दें?

एफ0आर0ए0 मामले

2245 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि अब तक एफ0आर0ए0 में एस0डी0एल0सी0 व डी0एल0सी0 ने किन्नौर में उन्हीं व्यक्तिगत मामलों को स्वीकृति प्रदान की है जिनका बन्दोबस्त में कब्ज़ा नाजायज दर्ज़ था;

(ख) एफ0आर0ए0 में व्यक्तिगत दावों की स्वीकृति के लिए क्या पात्रता है व कितने किस्म के साक्ष्य आवश्यक हैं; और

(ग) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में एफ0आर0ए0 के अन्तर्गत व्यक्तिगत व सामूहिक कितने मामले स्वीकृत हुए हैं; जिलावार ब्यौरा दें?

स्वीकृत योजनाएं

2246 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग की कौन-कौन सी योजनाएं ए0डी0बी0 के तहत स्वीकृत हुई हैं; इन सभी योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; इन योजनाओं के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है; ब्यौरा ए0ए0 एण्ड ई0एस0 तथा टी0एस0 सहित दें?

जल संरक्षण

2247 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ख) क्या सरकार रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए अनुदान देती है; ब्यौरा दें?

लैपटॉप/स्मार्टफोन

2248 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शिक्षा विभाग में लैपटॉप/स्मार्टफोन प्रदान करने की योजना कब प्रारम्भ की गई व इसकी पात्रता क्या है; अभी तक कितने छात्रों को इस योजना का लाभ मिल चुका है तथा कितने पात्र लाभार्थियों के मामले लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा दें?

पुल निर्माण

2249 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत खशधार पंचायत में शिशारा पुल के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई है; इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

जल जीवन मिशन

2250 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जल जीवन मिशन योजना कब आरम्भ

की गई; रोहड़ू मण्डल में इसके टैंडर्ज कौन से वर्ष व माह में आमंत्रित किए गए तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन कितने टैंडर्ज लगे हैं; ठेकेदार के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

भमनोली एल0डब्ल्यू0एस0एस0

2251 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत भमनोली एल0डब्ल्यू0एस0एस0 योजना को सरकार द्वारा कब स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा यह योजना कितनी धनराशि की है; इसका शिलान्यास कब और किसके द्वारा किया गया व यह योजना किस प्रोजैक्ट के अन्तर्गत शामिल है; ब्यौरा दें?

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

2252 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कल्याण विभाग द्वारा कितने लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की गई; लाभार्थियों के नाम व योजनावार ब्यौरा दें?

आवास योजना

2253 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री व मुख्य मंत्री आवास योजना तथा मुख्य मंत्री आश्रय योजना के अंतर्गत कितने लाभार्थियों को आवास प्रदान किए गए हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी

2254 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा गत 3 वर्षों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के 693 पद हिंदुस्तान लेटेक्स लिमिटेड के माध्यम से भरे गए थे; क्या यह भी सत्य है कि इन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का अनुबंध कार्यकाल सितम्बर, 2022 में समाप्त होने जा रहा है; और

(ख) सरकार भविष्य में होने वाली भर्तियों में इन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का विलय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

अटल आदर्श विद्यालय

2255 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हाटकोट (कुनिहार) को सरकार द्वारा अटल आदर्श विद्यालय योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो सरकार इस विद्यालय को कब तक अटल आदर्श विद्यालय योजना के अंतर्गत लाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।